# कांग्रेस की टिकट घोषणा से पहले झुंझुनूं में बगावत, आमिन मनियार ने पार्टी छोड़ी

## बताया जा रहा है कि आमिन ने मुस्लिम समाज की अनदेखी से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ी है

**झुंझुनूं, (निसं)।** भाजपा में जहां बगावती तेवरों का जोर है, तो कांग्रेस भी इससे अछूती नहीं है। कांग्रेस की टिकट घोषणा होने से पहले ही इस्लामपुर सरपंच आमिन मनियार ने बगावती तेवर दिखाए हैं। उन्होंने ना केवल कांग्रेस छोड़ दी है, बल्कि उन्हें आजाद समाज पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है, जिसके बाद कांग्रेस के भी समीकरण बिगड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इस्लामपुर सरपंच आमिन मनियार ने मुस्लिम समाज की अनदेखी से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ी। वे सांसद बृजेंद्र ओला के करीबियों में शामिल है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और इस्लामपुर से तीसरी बार के सरपंच आमीन अली मणियार ने सोमवार को चौंकाने वाला फैसला करते हुए आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जानकारी के अनुसार पिछले 35 साल से कांग्रेस के अनुशासित सिपाही रहे इस्लामपुर सरपंच आमीन अली मणियार ने पार्टी में मुस्लिम समाज की हो रही अनदेखी से नाराज होकर आखिर कार पार्टी छोड़ दी और आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिन्हें आजाद समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उम्मीदवार घोषित होने की जानकारी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने दी। हालांकि घोषणा रविवार शाम को होनी थी, लेकिन यह घोषणा सोमवार शाम को हुई।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर मुस्लिम समाज अपनी दावेदारी जता रहा है। इसी संदर्भ में पिछले दिनों झुंझनूं में मुस्लिम महापंचायत का आयोजन करके समाज ने एकमत होकर निर्णय भी लिया था कि कांग्रेस पार्टी अगर मुस्लिम समाज की 30 बिरादरियों में से किसी भी व्यक्ति को अगर टिकट देती है तो पूरा समाज उस व्यक्ति के पीछे एकजुट होकर खड़ा रहेगा।

मगर कांग्रेस आलाकमान की अनदेखी के चलते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खेमे में ही असंतोष व्याप्त हो गया और दशकों तक उनके करीबी रहे कांग्रेसी ने पार्टी को छोड़ दिया। झुंझुनूं में दलितों के करीब 45 हजार और मुस्लिमों के 70 हजार वोट है, अगर ये दो समाज साथ आ जाते हैं तो मुकाबला रोमांचक होना तय है।



इस्लामपुर सरपंच आमिन मनियार ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

- **आमिन मनियार होंगे आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार, कांग्रेस के भी समीकरण बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं**

# भाई की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**झुंझुनूं, (निसं)।** अपने ही भाई की हत्या करने के मामले में झुंझुनूं के जिला एवं सेशन न्यायालय ने आरोपी भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के करीब साढ़े 11 महीने बाद दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सेशन न्यायाधीश दीपा गुर्जर ने फैसला सुनाया। आरोपी को दोषी माना गया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक भरतभूषण शर्मा ने बताया कि पांच नवंबर को कुमावास निवासी रामधन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि चार नवंबर की रात को उसके बड़े बेटे रामजीलाल ने उसके छोटे बेटे बस्तीराम को जेळी व डंडों से मारपीट की। सुबह बस्तीराम की लाश पानी की टंकी के पास मिली। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रामजीलाल के खिलाफ चालान पेश किया। इस मामले में कुल 14 गवाहों और 35 साक्ष्यों को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षों में हुई बहस को सुनने के बाद न्यायाधीश दीपा गुर्जर ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 में रामजीलाल को आरोपी मानते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रूपए के आर्थिक दंड से दंडित किया है। वहीं भारतीय दंड संहिता की धारा 323 में आरोपी मानते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# अंधविश्वास के चलते एक व्यक्ति की मौत

**जोधपुर, (कास)।** लोहावट थानातंर्गत पीलवा के बाबा का खेजड़ा पुलिया के पास अंधविश्वास के चलते भोपे की बताई तांत्रिक क्रिया पूरी करने के चक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहावट थानातंर्गत पीलवा के बाबा का खेजड़ा पुलिया के पास बीति रात्रि में एक भोपे की ओर से बताई तांत्रिक क्रिया के अनुसार व्यक्ति ने मटके को राजीव गांधी लिफ्ट केनाल के बहते पानी में डालना था।

लिफ्ट केनाल के बहते पानी में मटका डालते समय उसका पैर फिसल गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी रात्रि में मौके पर पहुंची तथा नहर में ग्रामीणों के सहयोग से ढूंढने का प्रयास किया। रविवार को सुबह शव नहर में मिलने के बाद लोहावट अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया।

लोहावट पुलिस थाना के सहायक उप निरीक्षक शैतानाराम पंवार ने बताया कि नरेन्द्रसिंह पुत्र श्रवणसिंह निवासी रिड़मलसर पुलिस थाना भोजासर ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया कि उसके पिता श्रवणसिंह (48) व परिवार के सदस्य स्वरुपसिंह घर से केम्पर गाड़ी में सवार होकर एक भोपा के कहे अनुसार झाड़-फूंक व टोना-टोटका की मटकी को बहते पानी में डालने के लिए पीलवा नहर पर रात्रि में 11.15 बजे पहुंचे।

बाबा का खेजड़ा पीलवा पुलिया पर गाड़ी खड़ी कर उसके पिता मटका लेकर नहर में प्रवाहित करने पहुंचे। उस दौरान सभी गाड़ी के पास ही थे। रात्रि के समय अंधेरा होने के कारण अचानक पैर फिसलने से वे नहर में गिर गए। करीब दस मिनट तक वापस नहीं आने पर साथी व्यक्ति ने मौके पर जाकर देखा तो मटका फूटा हुआ था, लेकिन पिता श्रवणसिंह कहीं नजर नहीं आए। उसके बाद साथ गए परिजन ने ही परिवार को तथा पुलिस को इस बारे में सूचना दी।

- **भोपे की ओर से बताये मटके को राजीव गांधी लिफ्ट केनाल के बहते पानी में डालना था**
- **केनाल के बहते पानी में मटका डालते समय व्यक्ति का पैर फिसल गया और डूबने से मौत हो गई**

# विशाल मेगा मार्ट पर खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

**अजमेर, (कासं)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को फूड सेफ्टी टीम ने जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देश पर जयपुर रोड स्थित मैसर्स विशाल मेगा मार्ट पर कार्रवाई की।

अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि टीम ने विशाल मेगा मार्ट पर निरीक्षण के दौरान पाया कि पॉम ऑयल को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताकर रुपए चार सौ उन्नीस प्रतिलीटर बेचा जा रहा था। प्रीतलाइट गोल्ड ब्रांड के नाम से बेचे जा रहे डिब्बे उसी शेल्फ में रखे थे जिसमें नामी ब्रांड के घी के डिब्बे रखे थे। टीम ने बोगस ग्राहक बनकर प्रीतलाइट का एक लीटर का पैकेट खरीदा जिस पर एमआरपी रुपए पांच सौ दस अंकित थी जिसे डिस्काउंट के बाद रुपए चार सौ उन्नीस में दिया। बिल पर प्रीतलाइट गोल्ड अंकित था। स्टोर के मैनेजर देवीदत्त से बिल में घी या तेल नहीं लिखने का पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया, जबकि नियमानुसार प्रिंसिपल डिस्प्ले और बिल में बेचे गए खाद्य का नाम अंकित होना अनिवार्य होता है। डिब्बे पर छोटे अक्षरों में पॉम ऑयल 80 प्रतिशत और कोकोनट ऑयल 20 प्रतिशत का मिश्रण दिया हुआ था। इस प्रकार प्रतिष्ठित फर्म द्वारा स्वास्थ्य के लिए लाभदायक 0 प्रतिशत कोलेस्ट्रॉल के नाम पर 100 रुपए लीटर का पॉम ऑयल डिस्काउंट के बाद 419 रूपये लीटर बेचा जा रहा था। टीम द्वारा इस तथाकथित तेल के नमूने लेकर शेष बचे 8 डिब्बों को सीज किया गया।

डॉक्टर रंगा ने बताया कि स्टोर में रखे काजू की क्वालिटी में भी संदेह होने पर काजू का नमूना लेकर शेष 25 पैकेट सीज किए गए। प्योर ब्रस्ट ब्रांड के घी का भी नमूना लिया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, अजय मोयल, केसरीनंदन शर्मा एवं सहायक राजकुमार इंदौरिया शामिल रहे।

- **पॉम ऑयल को लाभदायक बता 419 रुपए प्रतिलीटर बेचा जा रहा था**

# ठेके से एक लाख की शराब चोरी

**नदबई/भरतपुर, (निसं)।** नदबई लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव हन्तरा के सरकारी शराब ठेका से अज्ञात चोरों ने देर रात दूसरी बार करीब एक लाख रुपए की शराब चोरी करने की घटना को अंजाम दिया।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद होने व पुलिस में मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस को अज्ञात चोरों का सुराग तक नहीं लग सका। विभागीय सूत्रों की मानें तो देर रात हन्तरा निवासी जीतेन्द्र कुमार पुत्र घनश्याम सिंह अपने शराब ठेका को बंद कर अपने घर गया।

इसी दौरान अज्ञात तीन युवक शराब ठेका का ताला तोड़ करीब एक लाख रुपए की शराब चोरी कर फरार हो गए। चोरी की बारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुई। जिसमें तीन युवकों ने सरिए से दुकान का ताला तोड़ा।

# बरसात व तूफान ने श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला में तबाही मचाई

## मेले में एक बड़ा हवाई झूला, दूसरे नाव वाले झूले के ऊपर गिर गया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर शहर में सोमवार सुबह मौसम खुला था। दोपहर तक धूप खिली हुई थी। दोपहर बाद आई बारिश ने शहर को जमकर भिगोया वहीं तूफान ने तबाही मचाई। गली-सड़कों में जरा सी देरी के बरसाती तूफान के बाद जलभराव की स्थिति बन गई। कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। वहीं इस बरसात व तूफान ने हीरादास स्थित श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला में जमकर तबाही मचाई।

मेले में एक बड़ा हवाई झूला, दूसरे नाव वाले झूले के ऊपर गिर गया। मेले में लगी दर्जनों दुकानों का टैंट और सामान तेज हवा के अंधड में उड़ गया। तेज अंधड़ से जसवंत मेला प्रदर्शनी में नुकसान का व्यापारी अभी तक अंदाजा भी नहीं लगा पाए हैं। तेज हवा के बाद चली बारिश के बाद मौसम में ठंडक भी बढ़ गई। मेले में एकाएक इस बरसाती तूफान के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। व्यापारियों को लाखों का नुकसान होना माना जा रहा है। व्यापारी इस बरसाती तबाही से काफी सदमे में हैं। व्यापारी नुकसान का हिसाब भी नहीं लगा पा रहे। मेले में सर्कस का टैंट धराशाही हो गया।



भरतपुर में तेज बरसाती तूफान ने जसवंत मेला प्रदर्शनी में तबाही मचाई।

- **मेले में लगी दर्जनों दुकानों का टैंट और सामान तेज हवा के अंधड़ में उड़ गया**

बरसाती तूफान थमने के बाद व्यापारियों के द्वारा अब सामान समेटा जा रहा है। वहीं अन्य झूले भी सुरक्षा को देखते हुए उतारे जा रहे हैं। दुकानों की बल्लियां उखड़ गई। मेले में लगे सीसीटीवी कैमरे टूट गए। वहीं इस बारिश ने किसानों की भी चिंता बढ़ा दी है। अभी रबि की फसल बुवाई का समय है, जिन किसानों ने सरसों और गेहूं की फसल बो दी है। उन किसानों के खेतों में पानी भरने के कारण फसल खत्म हो सकती है और जिन किसानों ने फसल नहीं बोई है, उन किसानों को पानी सूखने तक का इंतजार करना पड़ेगा। अब मौसम में सर्दी का जोर पकडने की उम्मीद जताई जा रही है।

# आगजनी की घटना को लेकर लोगों में आक्रोश, प्रदर्शन किया

## माली समाज व रणिकपुरा ग्रामवासियों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली व जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली के नेतृत्व में रणिकपुरा ग्रामवासी व माली समाज के सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में बताया कि शहर के नजदीक माण्डल तहसील अंतर्गत रणिकपुरा ग्राम में रखेली देवी माली का गांव में बाड़ा बना हुआ है जिसमें टेंट संबंधी सामान के साथ 10 से 12 गायें भी उस बाड़े में बंधी रहती है। तीन अक्टूबर रात्रि को अज्ञात लोगों ने अनाधिकृत प्रवेश कर उसके बाड़े में टेंट के सामानों में जानबूझकर आग लगा दी। इससे माली परिवार की महिला का तीस से चालीस लाख रूपये का सामान जलकर राख हो गया, साथ ही गायों के चारे सहित वहां पर बंधी गायों में से कई गायें आग की चपेट में आने से घायल हो गई, जिनमें तीन गायें काफी गंभीर हालत में है। उक्त कार्रवाई को लेकर अगले दिन माण्डल थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों व माली समाज ने जबरदस्त रोष जताते हुए कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। इससे पूर्व माली समाज के लोग व ग्रामीण प्राईवेट बस स्टेण्ड स्थित शिव मंदिर पर एकत्रित होकर वाहन रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर एक घण्टे तक कलेक्ट्रेट के बाहर गो माता को न्याय दिलाओ व अपराधियों को गिरफ्तार करो के नारों से गुंजायमान कर दिया। माली समाज के ज्ञापन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियों के साथ मोर्चा संभाल रखा था। ज्ञापन देने के पश्चात महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि इस प्रकरण में प्रशासन चार-पांच दिन में कोई कार्रवाई नहीं करता है तो जिलेभर से माली समाज के लोग प्रदर्शन करेंगे।

रणिकपुर ग्रामवासी पांचू लाल माली ने बताया कि कार्रवाई को लेकर ग्रामीण व समाज के लोग कई बार माण्डल थाने में चक्कर लगा चुके हैं लेकिन कार्रवाई करना तो दूर अब तक एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई न ही किसी कार्रवाई को अब तक अंजाम दिया गया और अब तक प्रशासन द्वारा गायों के इलाज के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। जबकि पीड़ित परिवार काफी खोफजदा है। इस आगजनी से पीड़ित परिवार को काफी बड़ा नुकसान पहुंचा है जिससे उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो चुकी है। इस दौरान माली युवा सेवा संस्थान के अध्यक्ष पुषालाल माली, माली सैनी कर्मचारी संस्था के सचिव कन्हैयालाल माली, माली समाज ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल माली, पार्षद मोहनी माली, महासभा के जिला मंत्री मुरलीधर सैनी, नारायणलाल माली, योगेश माली सहित कई सैकड़ों महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे।

- **तीन अक्टूबर रात्रि को अज्ञात लोगों ने बाड़े में आग लगा दी थी, जिससे करीब चालीस लाख का नुकसान हो गया था**

# हादसे में घायल श्रमिक की उपचार के दौरान मौत

**उदयपुर, (कासं)।** निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करते समय हुए हादसे में घायल श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर को शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में निर्माणाधीन निजी चिकित्सालय में काम करते समय हुए हादसे में आम्बापुरा बांसवाड़ा निवासी राजेश (19)पुत्र लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया था।जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल रामस्वरूप में मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार व पॉक्सो न्यायालय ने 5 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले सोनू प्रजापत को दोष सिद्ध हो जाने पर 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 80500 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के रवाजंना डूंगर थाने में पीडित बच्ची की मां ने मामला दर्ज कर बताया था कि वह घर पर कार्य कर रही थी एवं पास में ही मेरी 5 वर्षीय पुत्री खेल रही थी वह 2 बजे तक मेरे पास ही थी उसके 1 घंटे बाद मेरी पुत्री को पड़ोसी सोनू प्रजापत लेकर आया तो बच्ची रो रही थी मैंने देखा पुत्री की चड्डी से खून बह रहा था मेने सोनू को उलाहना दिया। जब मेने मेरी पुत्री को देखा तो उसके पेशाब करने की जगह पर खून बह रहा था मैंने पुत्री से पूछा तो उसने बताया कि मेरे साथ सोनू ने श्मशान में ले जाकर गलत काम किया है इसके बाद वह बेहोश होगई। मैंने अपने पति को फोन कर बुलाया एवं सवाई माधोपुर इलाज कराकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण राकेश राजोरा ने आरोपी को 24 सितंबर 2021 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था।

# कार से 2.50 लाख रुपये की शराब जप्त, एक गिरफ्तार

## पुलिस ने कार से शराब के 38 कार्टन बरामद किए

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर कुआ थाना पुलिस और एफएसटी की टीम ने शराब से भरी एक कार को जप्त किया है। कार से करीब ढाई लाख की शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर विशेष निर्देश दिए गये हैं। इसी के तहत डूंगरसारण बॉर्डर पर कुआ थाना पुलिस व एफएसटी की टीम ने नाकेबंदी कर रखी थी। इस दौरान दरियाटी की ओर से आ रही एक कार को रुकवाया तो कार ड्राइवर ने अपना नाम बाडमेर निवासी जयसिंह बताया। वहीं, पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो कार में भारी मात्रा में शराब भरी हुई थी।

ड्राइवर जयसिंह से शराब के परिवहन संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे, जिसके चलते पुलिस ने कार व शराब को जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम में ड्राइवर जयसिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार से शराब के 38 कार्टन बरामद किए हैं। जब्त शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।




पुलिस और एफएसटी की टीम ने शराब से भरी एक कार सहित तस्कर को गिरफ्तार किया।

# गुजरात से पाम और सोयाबीन ऑयल में तैयार होकर आई 300 किलो बूंदी सीज

**कोटा, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक मिठाई, नमकीन के गोदाम पर कार्रवाई कर गुजरात से पाम और सोयाबीन ऑयल में तैयार होकर आई 300 किलो बूंदी सीज की। वहीं मावा, मिठाई, नमकीन, बूंदी के लड्डू, सोनपपड़ी आदि के 24 नमूने लिए।

दीपावली व दशहरा मेले में पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके लिये प्रदेशभर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी द्वारा गठित टीम ने चंबल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक मिठाई, नमकीन के गोदाम पर कार्रवाई की तथा 14 नमूने लिए तथा 300 किलो बूंदी के लडू बनाने की बूंदी जो कि पांच कट्टों में थी जिसे पाम ऑयल और रिफाइंड सोयाबीन ऑयल में बनाना बताया। निरीक्षण के लिए पहुंची टीम ने जब मिठाई विक्रेता से पूछा कि यह तैयार बूंदी बनाने में किस किस पदार्थ का इस्तेमाल किया जाता है तो उसने अवगत करवाया कि यह बूंदी वह बनी बनाई गुजरात से मंगवाता है। जब उसने गुज़रात की निर्माता फर्म से मोबाइल पर बात की तो वह साफ मुकर गया कि उसने कोई सप्लाई नहीं की। यह बूंदी के कट्टे पांच कट्टों में कुल 300 किलो बूंदी रखी थी जिसे नमूना लेने के पश्चात सीज कर दिया गया।

साथ ही बूंदी सहित बूंदी के लड्डू, मावा, मावे की मिठाई, नमकीन के 14 नमूने लिए। टीम में दशहरा मेला में दस प्रतिष्ठानों की जांच करते हुए हाथी जाम मिठाई, पनीर, कचोरा, गोभी के पकोड़े, चटनी सहित दस नमूने लिए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम मौजूद रहे।



कोटा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बूंदी ( नुक्ती ) सीज की।

- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मावा, मिठाई, नमकीन, बूंदी के लड्डू, सोनपपड़ी आदि के 24 नमूने लिए**